## खबर संक्षेप

### सिद्ध स्थल भरभरा में हुआ विशाल संत समागम

**उमरियापान।** संतश्री बनवारी दास महाराज के सानिध्य में उमरियापान के समीपस्थ भरभरा आश्रम में सोमवार को नववर्ष पर विशाल संत समागम हुआ। जिसमें आसपास व दूरदराज क्षेत्रों से बडी संख्या में संतो की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विशेष पूजन, भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित कार्यक्रम हुए। उल्लेखनीय है भरभरा आश्रम में पिछले कई वर्षो से उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है। नववर्ष पर उमरियापान स्थित प्राचीन बडी माई मंदिर में दर्शनार्थ बडी संख्या में श्रद्धालु उमडे। वहीं लोगों ने करौंदी पहुँचकर केंद्र बिन्दु को निहारा।

### उमरियापान में भी हडताल के चलते बसें बंद

**उमरियापान।** ड्राइवर को लेकर बनाए गए केंद्र सरकार के कानून के विरोध में उमरियापान में भी सोमवार से बस ड्राइवरों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल कर दी। इससे उमरियापान से सिहोरा, कटनी, ढीमरखेडा की ओर जाने वाली सभी बसों के पहिए थम गये। चालकों ने अपनी-अपनी बसों को स्टैंड में खड़ा करके हड़ताल पर चले गए हैं। बस चालकों के हड़ताल पर जाने से समूचे क्षेत्र मे परिवहन पूरी तरह से ठप्प हो गया है। बस न मिलने से यात्री भी परेशान हो रहे हैं। बस चालकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तब तक बस के थमे रहेंगे और बसें नहीं चलेगी।

### विधायक को भेंट किया श्रीराम जानकी दरबार चित्र

**उमरियापान।** बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के विधायक निर्वाचित होने के बाद ढीमरखेडा ब्लाक के ग्राम पिंडरई पिपरिया में प्रथम आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणो ने स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक को श्रीराम जानकी दरबार का चित्र भेंट किया। वहीं ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण, बारात घर आदि निर्माण की माँग रखी। जिस पर विधायक ने उक्त निर्माण का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमति सरस्वती दीपचंद साहू, राकेश त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह राजपूत, प्रकाश साहू, भागचंद साहू, लालाराम पटेल, सुंदरराम पटेल, कमलेश पटेल, सोनू पटेल आदि मौजूद रहे।

### अभ्यर्थियों को करना होगा व्यय लेखा का निरीक्षण

**कटनी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नें नगरीय निकाय उपनिर्वाचन 2023-24 हेतु वार्ड क्रमांक 9 एवं वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद पद के अभ्यर्थियों को स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निरीक्षण कराया जाना है। निर्वाचन प्रकिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन प्रतिदिन के व्यय लेखो का व्यय ब्यौरा निर्धारित प्रपत्रो मे भाग अनुसूचि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यालय कलेक्टर निर्वाचन सदन कक्ष कमांक 34 में व्यय लेखा हेतु गठित समिति से निरीक्षण करानें हेतु आयोजित प्रथम निरीक्षण 3 जनवारी, द्वितीय निरीक्षण 6 जनवरी एवं तृतीय निरीक्षण 12 जनवरी 2024 को उपस्थित हानें सूचना प्रेषित की है। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय उपनिर्वाचन 2023-24 हेतु मध्यप्रदेश राज पत्र असाधरण कमांक द्वारा नगरीय निकायो मे पार्षद अभियर्थीयो हेतु निर्वाचन व्यय लेखा संधारण एवं प्रस्तुती नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जाने की तिथि निर्वाचन के परिणाम की तिथि तक तत्काल दिन प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण पार्षद अभ्यर्थियों को कराया जाने के निर्देश है।

### विद्युत कंपनी द्वारा शुरु की गई ई-सेवा पुस्तिका पोर्टल

**कटनी।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा नियमित कार्मिकों के लिए ईसेवा पुस्तिका पोर्टल शुरु किया गया है। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा बनाए गए इस ई-सेवा पुस्तिका में लगभग 4 हजार 870 कार्मिकों की पारंपरिक मुद्रित पुस्तिकाओं को ई-पुस्तिका के रुप में पोर्टल पर अपलोड कर संधारित किया गया है।

### सरकार द्वारा लाए गए नये कानून के विरोध में बेमियादी हड़ताल पर चले गए वाहन चालक

# थमे रहे वाहनों के पहिए, पंपों में नो पेट्रोल के लगे बोर्ड





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में लाए गए नए कानून के विरोध में चालकों के साथ बस ऑपरेटरों ने भी सोमवार से बसों का संचालन अनिश्चितकालीन समय के लिए बंद करते हुए हड़ताल शुरू कर दी है जिसके चलते शहर के प्रियदर्शनी बस स्टैंड में बसों को खड़ा कर दिया गया है और आवागमन बंद होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान हैं। गंतव्य तक पहुंचने के लिए लोग निजी वाहनों और ट्रेनों का सहारा ले रहे। कटनी बस आपरेटर एसोसिएशन ने एक दिन पहले ही बसों के पहिए जाम कर देने की घोषणा की थी। उसी को लेकर सुबह से ही बसों के पहिए रोक दिए गए हैं। शहर में जितने भी पेट्रोल पंप हैं, उनमें पेट्रोल और डीजल उपलब्ध न होने की सूचना लगाते हुए संचालकों ने बैरिकेटिंग कराई है।

#### पेट्रोल डीजल खत्म का बोर्ड

वाहन चालकों द्वारा की गई हड़ताल का असर सबसे ज्यादा आवागमन और पेट्रोल पंपों में देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ आवागमन पूरी तरह बाधित है वहीं दूसरी तरफ पेट्रोल पंपों में पेट्रोल के लिए वाहन चालक चक्कर काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल खत्म होने का बोर्ड टांग दिया गया है। एक दिन पूर्व पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डलवाने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आई। शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों में पेट्रोल स्टॉक खत्म होने के बोर्ड लगा दिए गए और पेट्रोल पंपों में कामकाज बंद कर दिया गया। सोमवार सुबह से ही पंपों में पेट्रोल भरने लोग इधर-उधर चक्कर काटते नजर आए।

#### आवागमन में हुई परेशानियां

कटनी बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभ प्रकाश मिश्र ने जानकारी में बताया की सरकार जब तक इस कानून पर कोई निर्णय नही करती, तब तक अनिश्चित कालीन समय के लिए कटनी बस ऑपरेटर संगठन अपनी यात्री बसों का संचालन स्थगित रखेगी। जिससे आम जन को आवागमन में परेशानियां का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है इस नए कानून में एक्सीडेंट के बाद भागने वाले ड्राइवर पर 10 साल की सजा के साथ-साथ 7 लाख तक अर्थदंड की सजा का प्रावधान किया गया है।



#### वाहन चालकों के हित में नहीं

बस एसोसिएशन संगठन का कहना है की नये नियमों के तहत बसों का संचालन कर पाना बड़ा कठिन है। चालको के लिए निर्धारित की गई सजा और जुर्माना दोनों ही संभव नहीं है और दूसरी ओर परिवहन विभाग और यातायात लगातार बस संचालकों को जांच के नाम पर परेशान कर रहा है। जिसके चलते प्रदेश स्तर से शुरू हुई हड़ताल के साथ जिले में भी अनिश्चितकालीन के लिए चालकों के साथ बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं। तेल टैंकर आदि के चालकों की हड़ताल के चलते शहर के पेट्रोल पंप भी रात से ही खाली हो गए हैं। रात को पेट्रोल पंपों में बड़ी संख्या में पेट्रोल, डीजल भरवाने लोग पहुंचे और रात से ही अधिकांश पेट्रोल पंपों का स्टॉक शून्य हो गया है। डीजल पेट्रोल न मिलने से ऑटो चालक भी शहर में अपने वाहनों का संचालन नहीं कर रहे हैं।

#### बस स्टैण्ड के पास मारपीट

शहर में बीती रात आवागमन के लिए सिर्फ ई रिक्शा बचे रहे। सुबह से ई रिक्शा चालक भी हड़ताल पर थे लेकिन बस स्टैंड के पास ऑटो चालकों और ई रिक्शा के चालक के बीच विवाद व मारपीट हो गई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में दिखाई पड़ रहा था कि कुछ कम उम्र के रिक्शा चालक सवारी ले जाने का प्रयास कर रहे एक अन्य रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर रहे हैं। जिसके बाद तत्काल ही पुलिस ने घटनास्थल पर जांच कार्यवाही प्रारंभ करते हुए मारपीट करने वाले ई रिक्शा चालकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पकड़े गए नाबालिक रिक्शा चालकों ने बताया की किसी बात पर उनका विवाद हुआ और विवाद के बीच मारपीट हो गया।

पूरे प्रकरण के संबंध में बातचीत करते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि जिन रिक्शा चालकों के बीच विवाद हुआ वह दोनों ही नाबालिक थे उनकी किसी बात पर कहा सुनी हुई जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हुई इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जबकि इस घटना का हड़ताल से कोई भी लेना-देना नहीं था। पुलिस में मारपीट करने वाले नाबालिक रिक्शा चालकों से पूछताछ करने के बाद परिवार के साथ उन्हें घर भेज दिया है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है पुलिस बल चारों तरफ तैनात है और हर परिस्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# नये साल पर प्राकृतिक और देवी स्थलों पर उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



उमरियापान क्षेत्र के करौंदी स्थित भारत के केंद्र बिंदु,भरभरा आश्रम और वीरासन देवी मंदिर में साल 2024 के पहले दिन सोमवार को लोंगों की भारी भीड़ उमड़ी।नाते रिश्तदारों, दोस्तों और परिवार के साथ केंद्र बिंदु पहुँचे लोगों ने केंद्र बिंदु भ्रमण करने के बाद वहाँ पर बने स्मारक में लोगों जमकर फोटोशूट किया। सिंगल और ग्रुपिंग फोटोज को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर एक दूसरे को नए साल की बधाइयां दी। इसके अलावा लोगों ने उमरियापान के बड़ी माई मंदिर, क्षेत्र के भरभरा आश्रम, रामकुड़ी और सिलौंडी के वीरासन देवी मंदिर ,दशरमन के महादेवी मंदिर में भी साल के पहले दिन सुबह से लोंगो की भारी भीड़ उमड़ी।

मातारानी के दरबार में परिवार सहित पहुँचे श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं का पूजन अर्चन कर मत्था टेककर क्षेत्र और परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया। प्राकृतिक और देवी स्थलों पर लोगों ने वनभोज का आयोजन किया। जहा परिवार के साथ पहुँचे लोगों ने जमकर लुत्फ उठाते हुए नया वर्ष मनाया। वहीं साल 2023 के अंतिम दिन रविवार देररात तक लोग जश्न मनाते रहे। देररात से ही लोगों ने एक दूसरे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बधाइयां देने का सिलसिला शुरू कर दिया। पुलिस अपने अपने क्षेत्रों में गस्त भी करती रही।

*कलेक्टर ने पेट्रोल पंप व गैस एसेंजी संचालकों की ली बैठक*

# कलेक्टर ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की सतत आपूर्ति के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों, पेट्रोल पंप एवं रसोई गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देशित किया कि जिले में डीजल-पेट्रोल को लेकर आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके मद्देनजर सभी जरूरी व्यवस्थाएं और इंतजाम सुनिश्चित किया जाए।

उन्होनें कहा है कि आयल डिपो से डीजल-पेट्रोल प्रोवाईडर अपने वाहनों से पेट्रोल पम्पों में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति करने की व्यवस्था करें। इस पर पंप एवं गैस एजेंसी संचालकों ने बताया कि हड़ताली ड्राइवरों द्वारा जगह -जगह वाहन को रोक कर वाहन चालकों को जबरन उतार लिया जाता है।इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले की राजस्व सीमा के भीतर जबरदस्ती ट्रकों को रोकने और जबरन ड्राइवरों को उतारने वाले स्थानों की जानकारी संचालकों से ली। संचालकों ने बस स्टैंड चौकी, पन्ना मोड़, पीर बाबा सहित कई अन्य स्थानों की जानकारी दी।इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बैठक से ही पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत कुमार रंजन से दूरभाष पर चर्चा कर ऐसे स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने की बात कही। ताकि आमजन को ईंधन को लेकर किल्लत न हो।



कलेक्टर श्री प्रसाद ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एजेंसियों के संचालकों की ट्रांसपोर्टेशन में आ रही समस्या के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये। सातों दिन 24 घंटे चलने वाले इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0 7622-220071 और 07622-220072 है।

ट्रक ड्राइवरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जिले में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर एवं डीजल और पेट्रोल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्र पटेल को भिटौनी डिपो जबलपुर में उपस्थित रहकर ऑयल कंपनी से समन्वय स्थापित करते हुये जिले में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर एवं डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा है।

कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला को भी लगातार निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये की पेट्रोल पम्पों में समुचित डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति बनीं रहे।

*टेनिल बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन*

# कटनी को हराकर देवरी टीम ने जीता फाइनल मैच, किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



मुरवारी के खेल मैदान में शरद चौबे की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कटनी और देवरी की टीम के बीच खेला गया। कटनी को हराकर देवरी टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है।कटनी टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 140 रनों के स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरी टीम के खिलाड़ियों ने 14वें ओवर में ही 5विकेट से इस मैच को जीत लिया है।देवरी टीम के खिलाड़ी वाजिद मैन ऑफ द मैच रहे। बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह, जनपद सदस्य ज्योति बैरागी,महेन्द्र कोरी, ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह,सिलौंडी मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय,मझगवां मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया है।एम्पायरिंग जय हल्दकार और उत्तम बर्मन ने किया।

# निरीक्षक के यहां हुई चोरी का नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रंगनाथ थाना क्षेत्र के द्वारिका सिटी में रहने वाले टीआई के घर हुई चोरी का 11 दिन बीतने के बाद खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के पास ऐसा कोई सुराग नहीं है, जिसके आधार पर आरोपियों तक पहुंचा जा सके। पुलिस टीम अज्ञात चोरों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास लगातार कर रही है।

रंगनाथ थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि चोरी कि वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के संबंध में जानकारी ली जा रही है। होशंगाबाद जिले के पदस्थ निरीक्षक सुधाकर बारस्कर कटनी जिले के माधवनगर और बरही थाने में थाना प्रभारी रह चुके हैं। होशंगाबाद ट्रांसफर होने के कारण द्वारिका सिटी स्थित उनके मकान में ताला लगा था।



सूने मकान का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने 20 दिसंबर को चोरी की। चोरों ने घर में रखे 20 हजार रुपए, 20 चांदी के सिक्के, एक प्लेट, एक गिलास, दो जोड़ी पायल चोरी कर लिए। चोरी 48 हजार रुपए की आंकी गई थी। पुलिस चोरी के मामले में संजय बारस्कर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### नये वर्ष में दोगुनी उर्जा के साथ शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन करने किया प्रोत्साहित

# अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र का करें दौरा, लंबित प्रकरणों पर शीध्र कार्यवाही के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय- सीमा के प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने आयोग को प्राप्त प्रकरणों, न्यायालयीन लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नव वर्ष की पहली बैठक में कलेक्टर अवि प्रसाद ने सभी अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जिले में गत वर्ष बेहतर कार्य हुए है। आप लोग इसी इच्छा शक्ति के साथ इस वर्ष भी और अच्छे से अच्छा कार्य करें। नये वर्ष में दोगुनी उर्जा के साथ शासन की योजनाएं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर जिले को और ऊंचाईयों पर ले जाये। कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों को इस वर्ष के टास्क भी बताये।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बैठक में अयोग को प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीध्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उच्च न्यायालय में लंबित अवमानना संबंधी प्रकरणों की विभागवार एवं संपर्क अधिकारीवार समीक्षा करते हुए खाद्य विभाग एवं सी.एम.ओ कैमोर को लंबित प्रकरणों पर शीध्र कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। राजस्व विभाग के लंबित 11 प्रकरणों पर अनुविभागीय अधिकारी कटनी एवं विजयराघवगढ़ को जवाबदावा प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों को टास्क फोर्स की बैठक के दौरान लंबित विभागीय प्रकरणों का निराकरण करानें तथा वन विभाग को नारंगी जमीन की जानकारी राजस्व विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।



#### योजनाओं की प्रगति की ले रिपोर्ट

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने अनुविभागीय अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र का रोजाना भ्रमण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट लेने के साथ ही विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बिस्क पोर्टल की वसूली हेतु बैंक अधिकारियों की टेनिंग आयोजित करने के संबंध में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से पत्राचार करने, जिले के शासकीय स्कूल परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जानकारी अद्यतन करने के निर्देश जिले शिक्षा अधिकारी को दिए। खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज के हस्तांतरण की कार्यवाही के संबंध मे सेतु निगम से जानकारी ली जाकर नगर निगम को पुनः पत्राचार करनें सहित अन्य महत्पूर्ण प्रकरणों की समीक्षा की जाकर विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों पर समय-सीमा में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश चौरसिया, महेश मंडलोई, प्रदीप मिश्रा, विंकी सिह उईके, आयुक्त नगर निगम विनोद कुमार शुक्ल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हरि सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आज होगा

**कटनी।** स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध अंतर्गत 5 जनवरी 2024 को मतदान संपन्न होना है। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व से मतदान दिवस की रात्रि तक मतदान दलों की पहुंच एवं वापसी, प्रति दो घंटे का मतदान प्रतिशत, माकपोल, पोल प्रारंभ एवं समाप्ति की सूचना हेतु सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन 2 जनवरी को दोपहर 3 बजे से जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम के कक्ष क्रमांक 99 में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध हेतु नियुक्त समस्त सेक्टर अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### कमरे में फोरमेन की लाश मिलने से सनसनी

**कटनी।** डाउनस्ट्रीम टीम पर काम कर रहे कर्मचारी की कमरे में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि स्लीमनाबाद स्थित नहर में काम कर रहे फोरमैन राजकुमार शर्मा पिता वनवासी लाल शर्मा 48 निवासी मलोरिया मसेहा जिला छपरा बिहार निवासी पिछले 7 वर्षों से अंडरग्राउंड नहर में फोरमैन पद काम कर रहा थे। शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सोए और रविवार सुबह जब 9 बजे तक नहीं उठे तो कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया और दरवाजा नहीं खुला ऊपर से छप्पर खोल कर देखा तो अचेत अवस्था में वह पड़े थे। इसके तत्काल उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सा के द्वारा व का पोस्टमार्टम किया गया है मौत का कारण हार्ट अटैक या अन्य है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 1300 रूपए किये जब्त



**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने अलग अलग स्थानों से आधा दर्जन जुआरियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम भजिया स्कूल के पास होशियार पिता जयसवाल सिंह निवासी आमाझाल थाना ढीमरखेड़ा, विकास कुमार पिता वेद प्रकाश राय, दीपक पिता ओम प्रकाश राय दोनों निवासी भजिया को ताश के पत्तों में दांव लगाते हुए पकड़ा है। टीम ने मौके से 52 ताश के पत्ते, 670 रुपए नकद जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं बड़वारा थाने की ही दूसरी टीम ने ग्राम भजिया में डेम के पास से मोहम्मद हनीफ पिता खुदा बक्श निवासी भुड़सा, चन्द्रभान पिता राज कुमार कुशवाहा निवासी भजिया, राम भगत पिता गोकुल असाटी उम्र को जुआ फंड़ में दांव लगाते हुए पकड़ा है। मौके से टीम ने 52 ताश के पत्ते, 630 रुपए नकद जब्त कर कार्रवाई की है।

### मसंधा में युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** बाकल थानांतर्गत ग्राम मसंधा में मारपीट की घटना हो गई। जानकारी के अनुसार सुकरत पिता छिदामी कोल 40 साल ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि अच्छेलाल कोल ने विवाद कर गालीगलौज की जब सुकरत ने गाली गलौज का विरोध किया तो उसने जमकर मारपीट कर चोट पहुंचा दी और मौके पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग अलग स्थानों से देशी व कच्ची शराब जब्त

**कटनी।** अलग अलग ठिकानों से पुलिस ने शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार एनकेजे पुलिस ने ग्राम हिरवारा में मुठ्ठी उर्फ नरेन्द्र बर्मन निवासी हिरवारा के पास से 18 पाव देशी शराब, रंगनाथ नगर पुलिस ने भारत चौक झर्राटिकुरिया में अंशुल सोनखरे के पास से 18 पाव प्लेन शराब व ढीमरखेड़ा पुलिस ने ग्राम सलैया में सोनी उईके के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इसी प्रकार कैमोर पुलिस ने ग्राम सलैया कौहारी में शिव कुमार चौधरी के पास से 5 लीटर शराब जब्त की है।

## नये वर्ष के स्वागत का हर किसी का रहा अपना अंदाज, मंदिर में पूजन अर्चन तो कहीं गूंजे भजन कीर्तन

# पार्कों, पर्यटन स्थलों में रही भीड़, जमकर उठाया आनंद









हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में नववर्ष का लोगों ने अपने-अपने तरीके से स्वागत कर जश्न मनाया। सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में दिखाई दिया गया। युवा टोलियों ने जमकर मौज-मस्ती की। दिन भर पार्कों व पिकनिक स्पाटो पर चहल-पहल बनी रही। मंदिरों में सुबह से ही विविध धार्मिक आयोजनों का कार्यक्रम चलता रहा। कहीं हवन-पूजन तो कहीं रामायण-भजन चलते रहे। कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। नगर के पार्कों में सबसे ज्यादा भीड़ नजर आई। नगर के आक्सीजन टेंक जाग्रति पार्क में बच्चों से लेकर युवा व महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों ने झूला और घिसलपट्टी का आनंद लिया।

मध्यरात्रि से लेकर सोमवार को दिन भर मोबाइल पर बधाईयों का सिलसिला चलता रहा। न्यू ईयर के सेलीब्रेशन में लोग उत्साहित नजर आए। नये साल में स्कूलों में शीतलकाल अवकाश होने से बच्चों ने भी जमकर लुत्फ उठाया। नये वर्ष को सेलीब्रेट करने के लिए कोई परिवार सहित घूमने के लिए निकला तो किसी ने धार्मिक स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना की और पिकनिक का आनंद उठाया।

शहर में हालांकि न्यू ईयर को लेकर सामूहिक रूप आयोजन भी हुए। रविवार की रात 12 बजते ही आतिशबाजी के धमाकों से शहर गुंजायमान होता रहा। यह अच्छी बात रही कि इस बार नववर्ष पर कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। नये साले में युवा वर्ग में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। दोस्तों संग जमकर सेलीब्रेट किया। होटलों, रेस्टारेंटों व ढाबों में भी लोगों ने एंजाय किया। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अच्छी चहल पहल भी रही। लोगों ने खूब इंज्वाय किया।

नए साल का पहले दिन लोगों ने पिकनिक स्पॉट और देवालयों में पहुंचकर नए साल को सेलीब्रेट किया। इसके अलावा विजयराघवगढ़ के शारदा माता मंदिर, मैहर तथा बांदकपुर के लिए भी लोग निकले। नये वर्ष के जश्न में चोरी-छिपे रात्रि में ही जाम से जाम टकराने का दौर भी चला। देर शाम देशी तथा अंग्रेजी शराब की दुकानों में भीड़ उमड़ती देखी गई। हालांकि पुलिस की सख्ती ने सुराप्रेमियों की आशाओं पर काफी हद तक पानी फिर गया। चौराहे-चौराहे पुलिस तैनात कर दी गई थी।

### गर्म कपड़ों और आग सेंक कर राहत पाने की जुगत

# कोहरे व कड़ाके की ठंड से कंपकंपा रहे लोग, फसलों के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नये साल 2024 अपने साथ कड़ाके की ठंड लेकर आया। नव वर्ष की पहली सुबह कोहरे से ढकी हुई थी। चारों तरफ कोहरे की धुंध दिखाई दे रहा था। कड़ाके की ठंड भी लोगों को चुभ रही थी। इसी ठंड के साथ लोगों ने नए साल के पहले दिन का भी स्वागत किया। मौसम विभाग के अनुसार ऐसी ठंड अगले कुछ दिनों तक बनी रहेगी। साल बदलने के साथ ही ठंड ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। ठंड की चुभन शरीर को कंपाने लगी है। इस ठंड में सिर्फ गर्म कपड़ों से सुरक्षा कर पाना मुश्किल है। बचाव के लिए अलाव, गर्म कंबल और रजाईयों का सहारा लेना पड़ रहा है।

घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के बीच शीतलहर ने लोगों को कंपकंपा कर रख दिया है। शीतलहर के कारण गलन इतनी बढ़ गई है कि लोगों का एकमात्र सहारा गर्म कपड़े व आग बना हुआ है। शीतलहर के चलते बीते साल के अंतिम दिन रविवार की शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबक गए, जहां अलाव जलाकर ठंडी से निजात पाने का प्रयास किया। इससे पहले तो धूप के कारण मौसम का अलग ही रूप था। लेकिन मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। सड़क पर लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं।

सुबह तक मौसम में गलन रहने के बाद शाम को चल रही ठंड हवा के कारण लोगों की मुश्किलें और बढती जा रही हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम के परिवर्तन के कारण लोगों के काम पर भी प्रभाव पड़ा है। लंबे समय तक लोग घरों में ही दुबके नजर आ रहे हैं।

मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के अनुसार ही नए वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार की शुरूआत सर्दीली हवाओं के साथ हुई। मौसम विभाग के अनुसार घना कोहरा छाया रहेगा व अगले दो-तीन दिनों तक मौसम में नमी बनी रहेगी। कृषि विभाग के अनुसार यह मौसम चने की फसल के लिए फायदेमंद साबित होगा। इस वर्ष भी किसानों ने भारी तादाद में चने की बोवाई की है। यदि मौसम ऐसा ही बना रहा तो चने का अच्छा उत्पादन होगा। लेकिन बारिश या ओलावृष्टि होने पर फसल को नुकसान होने की संभावना भी बनी हुई है।

### सवा दो लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीदी



खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 से अब तक 25हजार 675 कृषकों से 2 लाख 31 हजार 470 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही अभी तक कृषकों को 150 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित धान 2 लाख 31 हजार 470 मैट्रिक टन के विरूद्ध अब तक 1 लाख 68 हजार 34 मैट्रिक टन धान का परिवहन किया जा चुका है। इस प्रकार अबतक कुल धान खरीदी का करीब 73 प्रतिशत धान का परिवहन और भंडारण किया जा चुका है। इसके अलावा एक लाख 26 हजार 431 स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके हैं। कृषकों को 150 करोड़ की राशि का भुगतान आधार लिंक बैंक खाते के जे.आई.टी के माध्यम से किया जा चुका है। किसानो को भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# लोक सेवा गारंटी में 9 करोड़ 92 लाख आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचित सेवा जाति प्रमाण पत्र प्रदाय अभियान के तहत लोक सेवा केन्द्रों द्वारा प्रदेश भर के स्कूल के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र के प्रदान करने संबंधी अभियान का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक लगभग एक करोड़ 39 लाख डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र प्रदान किये जा चुके हैं। यह सभी जारी किये गये डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण पत्र एक कॉमन रिपाजिटरी से वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं के अंतर्गत अब तक करीब 9 करोड़ 92 लाख आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

राज्य में नागरिकों को बेहतर लोक सेवा दिये जाने के मकसद से राज्य सरकार ने श्लोक सेवा प्रबंधन विभागश का पृथक से गठन किया है। विभाग द्वारा मुख्य-रूप से लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम का क्रियान्वयन, लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन, सीएम हेल्पलाइन कॉल सेंटर का संचालन के साथ श्सीएम डैशबोर्डश का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश की सभी तहसीलों में लोक सेवा केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को निश्चित समयावधि में विभागों की सेवाएँ प्रदाय किये जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में पी.पी.पी. मॉडल के अनुसार 432 लोक सेवा केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।

# कलेक्टर ने सुरम्य पार्क में बच्चों के साथ ट्वाय ट्रेन की सवारी का आनन्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नए वर्ष का पहला दिन आसरा बाल गृह के बच्चों के लिए दोहरी खुशियों का सबब बन गया ।कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष मौजूदगी में यहां के 10 बच्चों ने सोमवार को सुरम्य पार्क कटायेघाट में नए साल का जश्न और जन्मदिन की खुशियां मनाईं।इन बच्चों से खास लगाव रखने वाले कलेक्टर श्री प्रसाद ने नव वर्ष और बेसहारा बच्चों का जन्मदिन मनाने यहां दोपहर में पहुंच कर बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं ।बच्चों के साथ समय बिताया ,उन्हें चाकलेट और ज्ञानवर्धक पुस्तकों का उपहार दिया,हौसला बढ़ाया और ढेर सारी बातें कीं।

बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कलेक्टर सर की मौजूदगी से हम लोगों का जन्मदिन बहुत खास हो गया है। आज सोमवार को जिन 10 बच्चों का जन्मदिन मनाया गया, उनमें 7 वे बच्चे भी शामिल रहे। जिन्होंने कलेक्टर श्री प्रसाद के साथ बाल आसरा गृह में ही बीते साल अपना जन्मदिन और नया वर्ष मनाया था ।



### 10 बच्चों का जन्मदिन

नए वर्ष का पहला दिन आसरा बाल गृह में निवासरत बच्चों के लिए खुशियों भरा रहा। मौका था नूतन वर्ष में आसरा बाल गृह में निवासरत 10 बच्चों के जन्मदिन का। जिसे सभी बच्चों ने मिलकर मनाया।जिसमे कलेक्टर अवि प्रसाद भी शामिल हुए,। इससे बच्चों के जश्न मनाने की खुशी दोगुनी हो गई

बच्चों के साथ खुशियां बाटने पहुंचे कलेक्टर श्री प्रसाद ने नूतन वर्ष व बच्चों के जन्मदिन की खुशी और उल्लास के मौके पर सभी बच्चों के साथ मिनी ट्वाय ट्रेन की सवारी का आनन्द उठाया। बच्चों ने नौका विहार किया और झूला भी झूले।

जन्मदिन पर कलेक्टर को अपने बीच पाकर खुशी के मारे बच्चे फूले नहीं समा रहे थे। बच्चों ने कहा कि कलेक्टर सर ने उनके जन्मदिन को यादगार बना दिया। यहां बच्चों की खास पसंद के व्यंजनों का स्टाल भी लगाया गया था। जिसमें डोसा, आलू टिक्की चाट और फुल्की, चाउमिन , गरमागरम समोसा, जलेबी आदि व्यंजनों के लजीज जायके और स्वाद का बच्चों ने जमकर लुत्फ लिया। यहां पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। जिसे लोगों ने मंत्रमुग्ध हो कर देखा और सुना।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि बच्चों संग उनके जन्मदिन के खुशी के पल साझा करने के दौरान इन बच्चों के चेहरे में खिली मुस्कान देखना बड़ा ही सुखद एहसास हुआ।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ला,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती, डायरेक्टर आसरा बाल गृह राजेन्द्र कुमार झा, अधीक्षक दुर्गेश शर्मा, काउंसलर रंगोली जैन, परिवीक्षा अधिकारी अर्चना कुशवाह सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट पंख ड्रोन के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला प्रशासन का सार्थक कदम

# जिले की पहली ड्रोन दीदी कंचन इफको में हुई चयनित, फूलपुर फर्टिलाइजर यूनिट में दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के नवाचार प्रोजेक्ट पंख के अन्तर्गत ज़िला खनिज प्रतिष्ठान एवं ज़िला ई गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संचालित ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र से ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्रा कंचन दुबे जिले की पहली ड्रोन दीदी बन गई हैं। इनका चयन भारत सरकार की स्वायत्त सहकारी संस्था इफ़को में ड्रोन दीदी महिला उद्यमी के तौर पर हुआ है । जिसके तहत कंचन दुबे को इफ़को के फर्टिलाइजर प्रोडक्शन यूनिट फूलपुर उत्तरप्रदेश में 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कर एग्री ड्रोन व इलेक्ट्रिक वाहन निःशुल्क प्रदान किया जाएगा ।

विदित हो कि प्रधानमंत्री ने 30 नवंबर 2023 को कृषि क्षेत्र में तकनीकी प्रौद्योगिकी को बढावा देने के साथ महिला सशक्तिकरण हेतु ड्रोन दीदी योजना का शुभारंभ किया था।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस अवसर पर कंचन दुबे को शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि प्रोजेक्ट पंख ड्रोन के क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम ड्रोन दीदी संकल्पना को पूर्ण करने की दिशा में ज़िला प्रशासन का एक कदम है । श्री प्रसाद ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग से ना केवल कृषि उत्पादकता एवं कृषकों की आय में वृद्धि होगी वरन इस कार्य को आजीविका के रूप में अपना कर महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

इफ़को के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने हेतु तथा कृषि में नवाचार एवं आय के स्त्रोत बढ़ाने हेतु एंटरप्रेन्योर के रूप में स्थापित करने के लिए विश्व की अग्रणी उर्वरक निर्माता संस्था इफको द्वारा एग्री ड्रोन प्रदान किया जा रहे हैं । इफ़को द्वारा पूरे देश में



2500 ड्रोन प्रदान किए जाएंगे साथ ही 5000 एंटरप्रेन्योर भी तैयार किए जा रहे हैं । इसी के तहत इफ़को के राज्य विपणन प्रबंधक श्री प्रकाश चंद्र पाटीदार की अध्यक्षता में ऑनलाइन इंटरव्यू के माध्यम से बहोरीबंद निवासी कंचन दूबे का चयन किया गया है । श्री मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती दुबे को इफ़को के फर्टिलायजर प्रोडक्शन यूनिट फूलपुर उत्तरप्रदेश में दिनांक 2 जनवरी से 16 जनवरी तक 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा साथ ही प्रशिक्षण का संपूर्ण खर्च भी इफ़को द्वारा वहन किया जाएगा ।

प्रशिक्षण के उपरांत श्रीमती दुबे को एग्री ड्रोन, जेनरेटर एवं परिवहन हेतु ई व्हीकल भी इफ़को द्वारा निशुल्क प्रदान किया जाएगा । महिला उद्यमी उक्त उपकरणों के माध्यम से निर्धारित शुल्क प्राप्त कर किसानों के खेतों में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा अन्य जल विलेय उर्वरक ,फफूंद कीटनाशक आदि दवाओ का स्प्रे कर उद्यमिता अर्जित करने में सक्षम होंगी ।

उल्लेखनीय है कि जिले के युवाओं को तकनीक की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ज़िला प्रशासन द्वारा नवाचार प्रोजेक्ट पंख प्रारंभ किया गया है, इस प्रोजेक्ट के तहत अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त अत्याधुनिक सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस लैब व क्लासरूम में ड्रोन तकनीक का संपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । जिसके तहत प्रशिक्षणार्थी ड्रोन उड़ाने के साथ ही साथ ड्रोन तकनीक की सभी विधाओं में महारत हासिल कर रहे हैं ।

विदित हो कि ज़िले के युवाओं के इस हुनर को देख कर देश की बड़ी ड्रोन कंपनियाँ प्रशिक्षित व्यक्तियों की तलाश में ज़िले का रुख़ कर रही हैं । कई बड़ी ड्रोन कंपनियों द्वारा विगत दिवसों में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थापित प्रोजेक्ट पंख केंद्र में कैंपस का आयोजन कर 44 प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार भी प्रदान किया जा चुका है । इसी तारतम्य में इफ़को द्वारा भी ऑनलाइन इंटरव्यू के माध्यम से कंचन दुबे का चयन किया गया ।

ई- गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 500 युवाओं को ड्रोन तकनीक में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है, प्रथम चरण में लगभग 170 प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं शीघ्र आगामी बैच प्रारंभ किए जायेंगे । इच्छुक व्यक्ति शासकीय तिलक महाविद्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और शासकीय महिला कॉलेज में स्थापित आवेदन केंद्रों में आवेदन जमा करा सकते हैं ।

## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक-निरीक्षण आज

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में नवीन ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण आज 02 जनवरी 2024 को दोपहर 02:30 बजे किया जायेगा। इस सबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से उपरोक्त समय/तिथि/स्थान पर आप स्वयं उपस्थित होने कहा आग्रह किया हैं। अथवा किसी प्राधिकृतिक पदाधिकारी/प्रतिनिधि को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।

### विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 02 जनवरी को दमोह विकासखण्ड के पिपरिया साहनी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया साहनी में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत बांदकपुर में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के बकायन सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहेरा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत अहरोरा में दोपहर 02 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के सरखड़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत महंतपुर में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत कुमेरिया में दोपहर 02 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के कोटा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा में प्रातः 09 बजे एवं ग्राम पंचायत मुआरी में दोपहर 01:30 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के चौपरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत चौपरा में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत पटीमहाराज सिंह में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

### तहसील परिसर के द्वार पर लगाई गई शिकायत और सुझाव पेटी

**अमानगंज।** गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश वर्मा द्वारा अमानगंज तहसील के मुख्य द्वार पर दिनांक 1 जनवरी 2024 की सुबह 12 बजे शिकायत एवं सुझाव के लिए पेटी लगाई गई। जिससे गरीब मजदूर सभी वर्गो के लिए एक शिकायत पेटी लगाई गई जिसका मुख्य उद्देश्य तहसील परिसर पर दलालों एवं रिश्वतखोरों से बचाव के लिए लगाई गई हैं अगर कोई रिश्वत या आपका कोई काम तहसील परिसर में नहीं हो रहा है तो आप शिकायत पेटी में अपनी समस्या को लिखकर डालें और समस्या के प्रति गुनौर विधानसभा के विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा की निगरानी पर जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा एवं संबंधित अधिकारी को कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी इस कार्यक्रम मैं अमानगंज मंडल के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मीडिया की उपस्थिति में शिकायत पेटी को लगाया गया।

### अमानगंज थाना द्वारा चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**अमानगंज।** थाना अंतर्गत पांडव प्रयाग के समीप अमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया के दिशा निर्देश में लापरवाही वाहन चालकों के विरुद्ध एस आई रचना पटेल के नेतृत्व में लापरवाह बाहन चालकों शराबियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही में बिना हेलमेट 10 चालान किए गए एवं दो के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने न्यायालीन कार्रवाई की गई है कुल समन शुल्क 3300 रुपए वसूल कर समझाएं दी गई।

### नववर्ष के पहले दिन को खास बनाने पर्यटनों स्थलों पर पहुंचे लोग

# सैलानियों से गुलजार रहे वीरांगना रानी दुर्गावती अभ्यारण के पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



नववर्ष के स्वागत में सोमवार को वीरांगना रानी दुर्गावती अभ्यारण के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे। ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सिगोरगढ़ दुर्ग प्राकृतिक पर्यटन निदान वॉटरफॉल नजारा व्यू प्वाइंट गिरी दर्शन वॉच टावर भैंसा घाट मैं सैलानियों ने घूम कर प्राकृतिक सौंदर्य के अद्भुत नजारों का खूब आनंद उठाया। नए साल की खुशियां मनाने के लिए सैलानियों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया निदान जल प्रपात नजारा व्यू प्वाइंट के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारते हुए यादगार पलों को कैमरे में कैद किया। वही नजारा पॉइंट निदान जलप्रपात सेल्फी प्वाइंट पर परिवार मित्रों के साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ लगी हुई थी। वीरांगना रानी दुर्गावती अभ्यारण के पर्यटन स्थलों पर जबेरा जनपद दमोह जिले सहित आसपास के महानगरों से भी भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए वन विभाग वह पुलिस के सहयोग से रानी दुर्गावती अभ्यारण क्षेत्र की सभी चेकप्वाइंट पर विशेष निगरानी ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही इन दर्शनी प्वाइंटों पर सतत भ्रमण पुलिस वन विभाग की टीम के द्वारा किया जा रहा था। जबेरा थाना प्रभारी विजय अहरिबाल अपनी टीम के साथ मौजूद रहे । वही वन विभाग अपनी टीम के साथ सिंग्रामपुर रेंजर आश्रय उपाध्याय घूमते रहे साथी सभी को समझाइश देते हुए दिखे भ्रमण करते हुए सैलानियों के लिए इन पर्यटन स्थलों पर कोई असुविधा ना हो। इसके लिए विशेष व्यवस्था करने में सराहनीय भूमिका रही। बावजूद इसके कुछ मनचले स्टेट हाईवे पर बाइक से स्टंट करते हुए खुद ब खुद सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हुए दिखाई दिए। जबेरा थाना प्रभारी विजय अहिरवाल ने बताया आज सुबह से नए साल में यहां पर्यटक दूरदराज से यहां आ रहे हैं जिनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए आज अपनी पूरी टीम के साथ यहां मुस्तैदी से हम और हमारी टीम घूम रही है जिससे परिवार के लोग यहां आकर नये साल परिवार के साथ घूम सकें डिप्टी रेंजर लईक खान ने बताया नए साल के जश्न में आज वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पर हमला की टीम पूरी सुरक्षा के साथ आज लगी हुई है। हजारों की संख्या में सैलानी यहां पहुंचे हैं। सिंगोरगढ किला, निदान बाटर पाल नजारा यहां सुबह से ही सैलानी पहुंच रहे है। पुलिस स्टाप मे एएसआई रवि शंकर डिम्हा, रणधीर ठाकुर, निदान बेरियल पर डिप्टी रेंजर लाइक खान, वनरक्षक हर्ष राजपूत, राहुल गुलाटी, अनिल ठाकुर ने बताया निदान वॉटरफॉल और नजारा सिंगोरगढ के लिए आज कटनी, जबलपुर, दमोह, कटंगी, मझौली, पनागर, सिहोरा ऐसे अनेक जगहों से फैमिली के साथ लुप्त उठाने पहुंच रहे हैं जिनकी सुरक्षा पुलिस एवं वनरक्षक टीम लगी हुई है।

# शिक्षक भर्ती 2018 को पूर्ण कराने सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ के लेटरपेड पर मुख्यमंत्री शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया गया कि स्थाई शिक्षक भर्ती पिछले 5 वर्षों से नाम मात्र के पदों पर, बड़े ही धीमी गति से चल रहीं है। जबकि प्रत्येक विषय के हजारों पद रिक्त है। अतः हमारी प्रमुख मांगों को पूर्ण करते हुए, पदवृद्धि के साथ स्थाई शिक्षक भर्ती को शीघ्र अति शीघ्र कराने की कृपा करें। ताकि आयु सीमा को पार करने वाले प्रतिभावान और अच्छे अंको से उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। प्रमुख मांगे में माध्यमिक शिक्षक भर्ती के उपेक्षित विषयों जैसे हिंदी, उर्दू, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान आदि के रिक्त पदों में वृद्धि की जाए, माध्यमिक शिक्षक भर्ती कुल शेष रहे 2237 पदों पर चयन सूचीयाँ जारी की जायें, उच्चग माध्यमिक शिक्षक भर्ती के हिंदी, संस्कृत, उर्दू, भूगोल, कृषि, इतिहास, समाजशास्त्र, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान आदि के रिक्त पदों में सम्मानजनक वृद्धि की जाये, उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती के सभी विषयों के कुल शेष रहे 5935 पदों पर चयन सूचीयाँ जारी की जायें, नामों की पुनरावृत्ति पर पूर्णतः रोक लगाते हुए, विभाग परिवर्तन, प्रवर्ग परिवर्तन एवं पदोन्नति के रिक्त पदों पर शेष पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायें, प्रदेश संयोजक पवन प्यासी, प्रवीण पाठक, सूरत सिंह, रोहित व्यास, मिथलेश तिवारी, दीपक पारासर, धर्मेन्द्र सेन, शैलेंद्र चौरसिया, तुलसीराम साहू, चेतन सिंह चंदेल, रजेश सिंह लोधी, तरबर सिंह ठाकुर, देवेन्द्र चौधरी, मनोरमा, सीमा नामदेव, कृष्णा मिश्रा, दीप्ति असाटी, संध्या असाटी, प्रीति बाला द्ववे, शीवा परवीन, मालती ठाकुर, वर्षा श्रीवास्तव, मालती साहू आदि उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की विगत 6 दिनों से नल जल सप्लाई बंद



**झलोन।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत जल जीवन मिशन से तिपनी प्लांट को पानी पहुंचाने वाली मुख्य लाइन मोहड़-गोरखा गांव के आसपास करीब 6 दिन पूर्व 26 दिसंबर को टूट फूट जाने के कारण झलौन, गुहची, पुरा बैरागढ़, सिमरिया, हरदुआ, हाथीघाट, मगदूपुरा, ओरियामाल, धनेटा, ससना, बिसनाखेड़ी, बमनोदा, बिलतरा, तारादेही आदि ग्रामों की 70 प्रतिशत आबादी को घर-घर नल जल पहुंचाने वाली यह जल जीवन मिशन योजना से पानी की आपूर्ति बंद पड़ी है। यह योजना कुछ गांव में विगत 6 महीने से कुछ ग्रामों में दो-तीन महीने से पीने का पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है जिससे जल की पूर्ति नियमित नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पेयजल संकट का भारी सामना करना पड़ रहा है। झलौन में दो नल जल योजनाओं से पानी की आपूर्ति फिर भी लोगों को नियमित नहीं मिल पा रहा पानी। झलौन ग्राम पंचायत द्वारा बिगत लगभग 30 बर्षो से संचालित नल जल योजना से भी नियमित रूप से पानी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। कारण मगदूपुरा में बोर से पानी की सप्लाई को लगायें गये योजना के निजी विद्युत ट्रांसफार्मर से विद्युत विभाग द्वारा अनेक किसानों को खेतों की सिंचाई हेतु 5 से 10 एचपी की भारी भारी मोटर संचालन की अनुमति दे दी गई हैं। जिससे ट्रांसफार्मर लोड सहन नहीं कर पाने के कारण विद्युत अवरोध बना रहता है। जिससे दिन भर नल-जल सप्लाई प्रभावित होती है। इस नल जल योजना से प्रत्येक मोहल्लेवासियों को किसी को दूसरे दिन तो किसी मोहल्ले में तीसरे दिन पानी मिल पाता है। नियमित पानी न मिलने का दूसरा कारण अनेक बांले एवं नल कनेक्शन लीकेज होने पर नलों में पानी बहुत धीमी गति से पहुंचता है कुछ नलों में पानी नहीं भी पहुंच पाता है। जिन लोगों के घरों पर लगे नल कनेक्शनों में पानी नहीं पहुंच पाता वह महिलाएं काफी दूर दूसरों के नलों से पानी लाने को मजबूर हो जाती हैं।

## गौवंश के लिए 12 क्विंटल गुड़ के लड्डू भेजे



**दमोह।** तेंदूखेडा नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला में समस्त गोवंश को गुड़ से बने लड्डू नए वर्ष के उपलक्ष्य में खिलाए गए। अर्ह जीव दया भारत (दिल्ली) द्वारा देश की समस्त दयोदय गौशालाओं में नए वर्ष के उपलक्ष में पांच हजार गोवंश का मुंह मीठा करने का लक्ष्य था जिसमें तेंदूखेड़ा गौशाला को 12 क्विंटल गुड़ के लड्डू भेजे गए थे जो गौशाला कमेटी के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा समस्त गोवंश को लड्डू खिलाए गए।

# मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

## योग है सब समस्याओं का समाधान : दीपक सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश योग आयोग के द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह राजपूत, पदेन सचिव एस.के. नेमा, जिला शिक्षा अधिकारी, दमोह एवं जिला योग प्रभारी द्वारका करकरें के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय परिसर के अंतर्गत जिनेजियम हाल में अग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें पतंजलि योग समिति एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक श्री फूलचंद शर्मा के द्वारा भारत माता के चित्र पर रोली चंदन का तिलक, पुष्पमाला अर्पित कर, दीप प्रज्जवलित जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री राजपूत के साथ किया गया। जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि मध्य प्रदेश योग आयोग की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम योग समितियां का निर्माण कर एवं योग का प्रशिक्षण देकर, योग की नियमित कक्षाएं लगाना, मुख्य उद्देश्य यही है कि आम जनमानस को योग के द्वारा निरोगी और बीमारी मुक्त बनाया जाए। हमारा लक्ष्य 26 जनवरी तक दमोह जिले के अंतिम गांव तक ग्राम योग समितियां का निर्माण करने का है। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिला और ब्लॉक स्तरीय बैठकर संपन्न हो चुकी हैं एवं कार्यदायित्व सभी ब्लॉक के पदाधिकारी एवं सदस्यों को सोपा दिए है फरवरी माह में एक बड़ा योग सम्मेलन आयोजित करेंगे। जिसमें महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय की उपस्थिति में योग सम्मेलन करेगे। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा सभी उपस्थित नागरिकों को योग प्राणायाम। आसन का अभ्यास विधि विधान से कराया एवं योग कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता राजपूत एवं सचिव श्रीमती वर्षा शुक्ला के द्वारा सभी को अंतरराष्ट्रीय नेचुरोपैथी संगठन के माध्यम से प्राकृतिक चिकित्सा के अंतर्गत अंकुरित अनाज , करेले, लौकी ,गाजर और जामुन के जूस भी नए वर्ष में उपस्थित नागरिकों को दिए गए। कार्यक्रम में जिला योग समिति से मिथिलेश मिश्रा, बृजेश सेन, नीरज जैन, अर्जुन प्रताप सिंह, कु कृतिका राजपूत सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र अनवरत प्रतिदिन सुबह 6:30 से 8:00 बजे तक लगेगा, जिसमें हर योगी भाई भाई बहन जो योग प्रशिक्षण लेना चाहते हैं एवं मध्य प्रदेश योग आयोग से जुड़ना चाहते हैं, वह उक्त योग कैंप में सादर आमंत्रित है।

# नए वर्ष के आगमन पर किया रामायण पाठ



**बनवार।** बनवार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों नए वर्ष के आगमन पर स्वागत भजन कीर्तन अनुष्ठान के साथ किया जा रहा है। खमरिया मानगढ़ के संकट मोचन मंदिर स्थित रामलला दरबार मैं ग्राम वासियों द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विगत 3 वर्षों नव वर्ष के आगमन स्वागत के पर किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्री राम भक्त शामिल होकर संगीत में अखंड रामायण पाठ करते हैं। यह पाठ लगातार बारी-बारी से भक्ति अंतिम पंक्ति तक करते हैं संगीतमय अखंड रामायण पाठ से ग्राम का माहौल भक्ति मय हो जाता है। इस भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रति वर्ष अनुसार नव वर्ष के स्वागत में किया जाता है। रामायण पाठ के की समापन के अवसर पर हवन पूजन प्रसाद वितरण के साथ भंडारा किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्री राम लला दरबार में स्थित संकट मोचन भगवान दर्शन करते हैं और अपने जीवन नव वर्ष का आगमन सुखमय होने की भगवान से मंगल कामनाएं करते हैं।

### जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आज

**दमोह।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत दमोह जिले के विकासखण्ड बटियागढ़ एवं पथरिया के विभिन्न ग्रामों की योजनाएं रेट्रोफिटिंग योजना के तहत स्वीकृत हुई थी, परंतु ग्राम में सम्मिलित बसाहटो/मोहल्ले दूर-दूर बसे होने के कारण उन परिवारों को ₹हर घर जल₹ नल कनेक्शन उपलब्ध न होने के कारण पुनरीक्षित योजनाऐं तैयार की गई है। जिनको जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति (डी.डब्ल्यू.एस.एम.) से अनुमोदनार्थ हेतु बैठक आज 02 जनवरी 2024 को कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टी.एल. बैठक के बाद आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दमोह ने समस्त संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# जिले का समग्र विकास ही पहली प्राथमिकता: राज्यमंत्री लखन पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पटेरा विकासखंड की ग्राम कुआखेड़ा बाजी में किया गया । जिसमें पशुपालन एवं डेयरी विभाग के नवागत मंत्री लखन पटेल एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया सहित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल की उपस्तिथि रही।नवागत मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओ पर पुष्पवर्षा कर आभार जताया गया साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता के साथ साथ किसानो से जुड़ी हुई जो समस्याएं जैसे कि आवारा पशु, सिंचाई से बंचित कृषक ,और भी अन्य सुसंगत विषयों को लेकर वह गंभीरता से निवारण के लिए वह तत्परता से निपटारा करायेगें। तत्पश्चात मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया बाबाजी ने भी अपने उद्बोधन में जिले के समग्र विकास और पिछड़े वर्ग के कल्याण की बात कही। समाज के इस मिलन समारोह में वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि और पूर्व को ऑपरेटिव बैंक के प्रशासक गौरव पटेल ने बताया कि समाज आज शिक्षा ,व्यवसाय की ओर अग्रसर है जिसे सभी लोग प्रोत्साहित करें इसी के साथ कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने मप्र पीएससी परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी एवं सभी मंचासीन प्रतिनिधियों ने मप्र पीएससी परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया जिसमें रविकांत सिरवैया पिता तीरथ पटेल पता नरसिंहगढ़ अखलेश पटेल पिता गोविंद पटेल हरद्वानी श्रष्टि पटेल पिता डॉ एन के पटेल नरसिंहगढ़ रोहित पटेल पिता लक्ष्मी पटेल डोली काईखेड़ा, चौधरी महेंद्र प्रताप ने भी सभी प्रतिनिधियों से समाज के साथ साथ जिले के समग्र विकास की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंच संचालन कैलाश पटेल द्वारा किया गया । समाज के संरक्षक दादा बैजनाथ पटेल ने समाज एवं पिछड़ा वर्ग के विकास की योजनाओं पर मंथन के साथ साथ ओबीसी वर्ग की जागृति पर जोर दिया । कार्यक्रम में विशेष सहयोगी रहे शरण पटेल ,राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, कुलदीप सिरवैया । कार्यक्रम के संयोजक अरविंद पटेल राजू लम्मरदार एवं समस्त लम्मरदार परिवार कुआखेड़ा बाजी रहे । कार्यक्रम में की समापन बेला में आभार अरुण पटेल लम्मरदार द्वारा किया गया।

# मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**दमोह।** मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई दमोह द्वारा रामकुमार विद्यालय के सभागार में दुष्यंत स्मरण को समर्पित काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.आर.एन चिले ने की मुख्य अतिथि नरेन्द्र दुबे रहें। सरस्वती पूजन वंदन उपरांत नगर के गजलकार किशोर तिवारी केशु ने दुष्यंत की गजल रचना धर्मिता की बारीकयां, काव्यगत कला पक्ष व मुख्य आधार भूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परम्परागत गजल और दुष्यंत की गजल में जो अंतर है उसे हमें समझना होगा। इस संदर्भ में मेरा मानना है कि सामाजिक चेतना को जगाना ही गजल हैं इसकी परिभाषा तरह तरह से दीजाकर परिभाषित किया गया है। यहां पर मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि गजल का सूत्रपात हैरत शब्द से हुआ है जिसका सामान्य अर्थ है आश्चर्य, किंतु दुष्यंत की गजल रचना मैं हैरत शब्द को ध्वन्यात्मकता ये है कि हमारे सामने विपरीतता व विद्रूपता व्यवस्था में व्याप्त हो तो उसके विरोधी पक्ष को मुखरित कर उसे प्रस्तुत करना गजल है। हैरत शब्द के अर्थ विन्यास में चुनौतियां सामाजिक दुखड़ो को गजल की भावभूमि देकर दुष्यंत में सफलता पूर्व प्रस्तुत किया है। जो जन सामान्य को सहज सम्प्रेषणीय होने में समर्थ सिद्ध हुइ है। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र दुबे ने कहा कि दुष्यंत अपनी सशक्त रचना के कारण प्राचीन भावियों की भांति कालजयी कवि है जिनकी रचनायें नव रचनाकारों को अनुशीलनीय हैं। अध्यक्ष डॉ.आर.एन. चिले ने कहा समसामयिक संदर्भो में दुष्यंत की गजले सदैव मानस पटल पर स्मरणीय रहती है। तदुपरांत दुष्यंत को समर्पित रचनाओं प्रोफे.अनिल जैन, अमर सिंह राजपूत, रामकुमार तिवारी, ओजेन्द्र तिवारी, पीएस परिहार, महेन्द्र श्रीवास्तव, बीएम दुबे, सदन नेमा, विमला तिवारी, चंद्रा नेमा, आराधना राय, संजय चौरसिया, ताहिर दमोही, आसिफ अंजुम, अ.इरफान, अ.अनाम, डॉ. गणेश राय, परसोत्तम रजक ने सरस काव्य पाठ किया। इस अवसर पर रिषी उपाध्याय, राजेश शर्मा, एचएस प्रधान की उपस्थिति रहीं। कार्यकारी अध्यक्ष पं.रमेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम संचालन तथा सचिव मानव बजाज द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## नायब तहसीलदार कार्य हेतु पदाविहित

**दमोह।** पंचायत उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) को निर्विघ्न रूप से संपादित किये जाने हेतु अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 17 में दिये गये प्रावधानों के अधीन विकासखण्ड हटा की ग्राम पंचायत-हरदुआसड़क के सरपंच पद हेतु स्थापित किये गये मतदान केन्द्र पर कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के लिये नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी को पदाविहित किया है। नगरीय निकाय पटेरा के वार्ड क्रमांक-14 के पार्षद पद हेतु स्थापित किये गये मतदान केन्द्र पर कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के लिये नायब तहसीलदार पटेरा राजेश सोनी को पदाविहित किया है।

## गौ हत्या के विरोध में महाआंदोलन आज

**दमोह।** हिंदू जागरण मंच एवं अन्य गौ सेवक और सामाजिक संगठनों द्वारा दमोह में हो रही निरंतर गौ हत्या और अवैध बूचड़खानो को ध्वस्त करने की मांग एवं गौ हत्या में शामिल कसाई एवं गौ हत्या में लिप्त प्रशासनिक कर्मचारियों के खिलाफ होगा आज महाआंदोलन जहां अम्बेडकर चौक जिला अस्पताल के सामने हिंदू एवं सामाजिक संगठन महाआंदोलन के दौरान पुतला दहन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन।

## पिकनिक मनाने गए युवक की खाई में गिरने से मौत

**दमोह।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत किशनगढ़ में नए साल की खुशियों पर रंग में भंग पड़ने जैसे हालात देखने को मिले हैं। यहां पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए एक युवक की खाई में गिर जाने से मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। पुलिस जिसकी जांच में जुटी हुई है।तेंदूखेड़ा थाने अतर्गत आने वाले किशनगढ़ सिद्ध क्षेत्र मे सैकड़ो लोग नया साल मनाने आए हुए थे। उन्ही मे एक युवक की करीब सौ फुट नीचे खाई में गिर जाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नोहटा थाना अंतर्गत झिरना निवासी संदीप पिता केशव ठाकुर उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि किशनगढ़ सिद्ध क्षेत्र में भारी भरकम खाई फैली हैं जिसको देखने के लिए दूरदराज से लोग पहुचते हैं। घटना की जानकारी लगने पर तेंदूखेड़ा टीआई फेमिदा खान ने स्टाप के साथ घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। मंगलवार सुबह मृतक को खाई से निकाले जाने की कार्यवाही की जाएगी।

### नये कानून के विरोध में आज भी जारी रहेगी हड़ताल, चालक बोले: दुर्घटना पर सात लाख कहां से लायेंगे

# थमे रहे पहिये, वाहन चालकों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

'हिट एंड रन' मामलों को लेकर बेहद सख्ती से निपटने के लिये केंद्र सरकार नया कानून लाई जिससे इसके तहत ऐसे मामलों में ड्राइवरों को 10 साल तक की सजा या 7 लाख रुपये जुर्माने की बात कही गई है। इसने ड्राइवरों के होश उड़ा दिए हैं। कानून के विरोध में जिले में भी ड्राइवरों ने चक्काजाम करना शुरू कर दिया है। सख्त प्रावधान के जरिये सरकार की मंशा सड़क हादसों पर अंकुश लगाना है। इसके उलट ड्राइवरों को लगता है कि यह उनके साथ ज्यादती है। ड्राइवरों का कहना है कि पहले दो वर्ष की सजा थी जिसे 10 बढाने से हादसे नहीं रूकेंगे क्योंकि जानपूछकर हादसे नहीं होते। साथ ही घटना के बाद फरार ड्राइवरों को मुख्य आरोपी बनाने के साथ ही सात लाख रूपये की बडी राशि का जुर्माना ड्राईवर कैसे भरेंगे, उन्हे दिन के 500 सौ रूपये मिलते है ऐसे में वह इतनी बड़ी रकम कैसे चुकायेंगे। चालकों ने कहा है कि वे अपने मालिकों के यहां काम पर तभी जायेंगे जब उनके मालिक लिखकर देंगे की घटना की जवाबदारी उनकी होगी। वहीं चालकों की हडताल से साल का पहला दिन हर वर्ग को प्रभावित करता नजर आया। सार्वजनिक परिवहन की बसें, मालवाहक, ट्रक आदि वाहनों पहिये थमे रहे। अगले तीन दिनों तक यह हडताल जारी रहने की संभावना है। ट्रक चालकों की हड़ताल से व्यापारियों को भी माल की समस्या आ रही जिसका असर पर बाजार में देखने मिलेगा। वहीं ट्रांसपोर्ट व कोरियर सर्विस भी प्रभावित हो रही है।

### पेट्रोल पंप पर दिखी भीड, किल्लत भी शुरू

ट्रक चालकों की हडताल से पेट्रोल पंपों पर बाहर से आने वाले तेल के कंटेनर नहीं पहुंचे जिससे डीजल पेट्रोल की कमी हो गई है। शासन ने भी केन, बॉटल में पेट्रोल देने पर रोक लगा दी है। साथ ही शाम को कई पंपों पर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई रूक गई जिससे आम लोग परेशान होते दिखे।

वहीं इसी बीच दिन भर विभिन्न चालक यूनियन के सदस्यों द्वारा शहर की सडको पर प्रदर्शन कर वाहनों को रोका जाता रहा। एंबुलेंस को रोकने पर पुलिस के साथ झडप की स्थिति भी बनती देखी गई। वहीं बायपास पर जाम लगाने के चलते वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जिले में लगभग सभ जगह चालकों द्वारा धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया गया।

### दमोह जबलपुर रोड पर चार घंटे जाम के हालात

दमोह। देश में लागू हुए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं जिसके चलते दमोह जबलपुर बॉर्डर गुबरा सिग्रामपुर स्टेट हाईवे पर सुबह से लगा जाम सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपूढ़े की समझाइश पर 4 घंटे बाद खोला गया। जिसमें एम्बुलेंस सहित चार पहिया वाहन निकालने के लिए ट्रक चालकों एवं प्रशासन में सहमति बन गई और एम्बुलेंस सहित चार पहिया वाहन निकालने के लिए चक्का जाम खोल दिया गया है। दअरसल भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर ₹700000 तक का जुर्माना 10 साल तक की कैद का प्रावधान रखा गया है और हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया जा रहा है ट्रक चालक संगठन ने चक्का जाम हड़ताल कर रहे है इस हड़ताल पर आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिल रहा है दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर हड़ताल के कारण इतनी बड़ी संख्या में ट्रकों रुकने जरूरी सामानों किल्लत हो सकती है ट्रक चालकों का कहना है सरकार उनकी मांगे नहीं मानती है और जब तक हिट एंड रन कानून वापस नहीं लेती है तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

## चार घंटे स्टेट हाईवे पर किया चक्का जाम, समझाईश के बाद हटे



**सिंग्रामपुर।** नये कानून के विरोध में दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे की बॉर्डर गुबरा सिग्रामपुर सहित जबेरा बायपास ट्रक चालकों ने कानून वापस की मांग को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। सुबह से दोपहर तक ट्रक चालकों ट्रकों हाईवे पर बीच में खड़ा करके चक्का जाम किया। इस दौरान लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की आपातकालीन एंबुलेंस चार पहिया वाहन चक्का जाम के चलते नहीं निकाल पाए और ट्रक चालकों का इस तरह गुस्सा फूटा की प्रशासन को काबू करना मुश्किल पड़ गया। फिर सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े, रवि शंकर डिम्हा, प्रधान आरक्षक रणवीर सिंह, राम मनोहर यादव, जालम सिंह, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से बात करते हुए हड़ताल कानून के नियमों के तहत करने की समझाइश दी गई। ट्रक चालकों और पुलिस के बीच सहमति बनी जिसके चलते एम्बुलेंस चार पहिया वाहनों को निकालने के लिए 4 घंटे बाद चक्का जाम खोला गया लेकिन हड़ताल जारी है। उल्लेखनी है कि सड़क हादसे में घायलों को शीघ्र ही अस्पताल पहुंचा दिया जाए जिससे उनकी जान बच सके इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने कानून लागू किया है। इसमें प्रावधान है अगर हादसा होने के बाद चालक वाहन को लेकर भाग जाता है तो उसे 10 वर्ष की सजा भुगत नहीं पड़ेगी। इतना ही नहीं 7 लाख रुपए का जुर्माना भी देना पड़ेगा। वही हादसे के बाद अगर वाहन चालक घायलों को अस्पताल तक पहुंचा देता है तो उसे सजा और जुर्माना से मुक्त रखा जाएगा। सरकार की इस कानून के विरोध कर ट्रक चालकों का कहना है की वह दो 300रूपये प्रतिदिन कमाते हैं ऐसे में उन्हें सजा हो गई तो परिवार का क्या होगा और वह महीने पांच से दस हजार कमाते है 7 लाख का जुर्माना कहां से देंगे। ट्रक चालकों का दर्द यह भी है सड़क पर खड़ी पुलिस को 200 से 300 ना दो तो सर पर डंडे मारते हैं। आरटीओ कहीं पर ट्रक खड़ा करके वसूली करते है। एक चक्कर में ट्रक मालिक को 15000 मिलते हैं उसमें आरटीओ को 5000 देना पड़ते हैं। ट्रक मालिक को चक्कर का पूरा रुपया नहीं दिया जाता है। तो नौकरी से निकाल दिए जाते हैं। ऐसे में अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करें। ऊपर से हिट एंड रन जैसे सख्त कानून हम ट्रक चालकों को ही आरोपी क्यों बनाया गया है इस दौरान दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर गुबरा सिग्रामपुर सहित जबेरा बायपास पर ट्रकों किनलंबी-लंबी कतारें लग गई है। वही ट्रक बंद रहने जहा पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल खत्म हो गया है। जरूरी चीजों के लिए व्यापारियों को भी अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल से आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिल रहा है। ट्रक यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अलीगढ़ का कहना है सरकार से हमारी मांग है हिट एंड रन कानून वापस लिया जाए। जब तक यह सख्त कानून वापस नहीं लिया जाता है अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। सिग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढ़े क्या कहना है हिट एंड रन नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों के द्वारा दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे बॉर्डर के ग्राम गुबरा में चक्का जाम किया गया था। ट्रक चालकों के बीच पहुंचकर उनसे कानून के तहत हड़ताल करने की अपील की गई और चक्का जाम करना गैर कानूनी है जिस पर ट्रक चालकों ने सहमति जताते हुए चक्का जाम खत्म करते हुए एंबुलेंस वहां एवं चार पहिया वाहन के लिए रास्ता खोल दिया था और यातायात शुरू कर दिया गया था।



## हिट एंड रन कानून के विरोध ट्रक चालकों ने किया विरोध



**बनवार।** हिट एंड रन कानून का जहां पूरे देश में ट्रक ड्राइवरों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वही बनवार क्षेत्र के ट्रक ड्राइवरों ने गृहमंत्री का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम बनवार पुलिस चौकी प्रभारी मनीष यादव को सौंपा है। ट्रक ड्राइवरों का कहना है हिट एंड रन कानून ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ और ट्रक ड्राइवरों के सामने संकट खड़ा हो गया है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना स्थल पर खड़े होकर अस्पताल तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं तो भीड़ उसे मार डालेगी और घटनास्थल से जान बचाकर भागते हैं तो यह कानून उसे मार डालेगा। ट्रक ड्राइवर को महीने में मुश्किल से 5 से 7 हजार रुपए मिलता है जिसमें उसके परिवार का भरण पोषण भी मुश्किल से हो पता है। इस कानून के तहत 7 लाख का जुर्माना भरना ट्रक ड्राइवर के बस की बात नही है। हिट एंड रन कानून ड्राइवरो के लिए काला कानून इसे वापस नहीं लिया गया तो ट्रक ड्राइवरी छोड़ने को मजबूर होने नतीजन इस कानून से ड्राइवरों सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## कानून वापिस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन

हटा में भी नए वर्ष की शुरुआत से सोमवार को तमाम वाहन चालकों हटा नगर के दमोह नाका पर एकत्रित होकर कानून वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जहां हटा पुलिस बने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर मोर्चे को संभालकर चालकों को समझाइश देकर दोपहर 3 प्रदर्शन बंद कराया। लेकिन वाहन चालक प्रदर्शन कार्यो ने अपनी हड़ताल जारी रखी। दरअसल वर्तमान प्रावधान में ड्राइवर को थाने से जमानत हो जाती है और अधिकतम 2 साल की सजा है संशोधित कानून में ड्राइवर को अधिकतम 10 साल की सजा और 7 लख रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वाहन चालकों का कहना है कि कोई गरीब वाहन चालक इतना जुर्माना कैसे भर पाएगा। सड़क पर कोई भी चालक जानकर सड़क हादसा नहीं करता बल्कि यह दुर्घटना अचानक से होती हैं। वाहन चालक पीसी चालकों का अहित बता रहे हैं क्योंकि कई बार सड़क दुर्घटनाओं की बात भीड़ चालक पर हावी होकर जान तक ले लेती है ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए अक्सर वाहन चालकों कैसे फरार हो जाते हैं चालकों का कहना है कि हादसा कोई भी जानबूझकर नहीं करता है नए कानून में जो जुर्माना तय किया गया है आखिर ड्राइवर इतना भारी भर कमजोर बना कैसे भरेंगे पहले ही कई व्यक्तित्व का सामना कर रहे हैं चालकों पर नया कानून बड़ा वज्रपात है। हटा के तमाम चालकों का कहना है कि इस कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक उनकी मांगे मानते हुए इस कानून को रद्द नहीं किया जाता। गौरतलब है कि नए वर्ष 1 जनवरी से चालकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू हो गई है जो 3 जनवरी तक चलेगी ऐसे में कई तरह की तकलीफों का सामना जनता को करना पड़ रहा है नगर के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म होने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना पहले ही दिन उठाना पड़ा।



# नववर्ष का मंगलमय आगाजः कुण्डलुपर व बांदकपुर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नव वर्ष 2024 के प्रथम दिन सोमवार को खास बनाने के लिये नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों पर भीड़भाड़ का माहौल बना रहा। नव वर्ष 2024 की अगवानी अवसर पर जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर जी एवं जागेश्वरधाम बांदकपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर नववर्ष की शुरूआत बड़े बाबा व भोलेबाबा के दर्शन कर की। साथ ही अपने परिजनों के साथ सुख एवं शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं दमोह नगर के जटाशंकर धाम में भी भक्तों ने पहुंचकर भगवान जटाशंकर पर जल अर्पित कर आरती की। वही युवाओं की टोलियों ने अपने अपने पंसंदीदा स्थानों पर पहुंचकर पिकनिक का आनंद लिया। नये साल के पहले जबरदस्त ठंड होने के बावजूद भी जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों पर भी नव वर्ष की धूम रही। लोगों ने पहुंचकर अपने अपने तरीकों से नव वर्ष मनाया। प्रमुख रूप से गौमुख जलधारा मड़ियादौ, जरारूधाम, गणेश मंदिर झागर,निदान कुण्ड सिंग्रामपुर, मढ़कोलेश्वर सीतानगर, राजनगर तालाब, जटाशंकर धाम दमोह, बबलीगढ़ कुम्हारी सहित सभी प्रमुख पर्यटक/धार्मिक स्थलों पर लोक पहुंचे एवं नव वर्ष का आनंद लिया। सिग्रामपुर के निदान वाटरफॉल नजारा व्यू पाइंट, गिरीदर्शन, सिंगौरगढ़ किला, रानी दुर्गवाती अभयारण के नजारा पॉइंट के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने के लिए के लिए हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। यहां सैलानियों का जमावड़ा सुबह से शाम तक लगा रहा। नजारा व्यू पाइंट पर पर्यटकों के आने का सिलसिला नये वर्ष में सप्ताह भर चलता है। इस दौरान चौकी प्रभारी एलपी तिवारी के नेतृत्व में पुलिस सक्रिय रही।

## भगवान जागेश्वरनाथ के दरबार में सुबह से शाम लगी रही लंबी-लंबी कतारें



बनवार। नए साल के पहले दिन श्री देव जागेश्वर नाथ धाम मंदिर बांदकपुर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। मंदिर के अंदर सुबह भक्तों की थोड़ी कम भीड़ है। रही जैसे ही 9बजे भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी जो देर शाम तक कतारों में एक सी भीड़ चलती रही वहीं, मंदिर प्रबंधन के द्वारा भक्तों के सुगम दर्शन व्यवस्था की गई है। जागेश्वरनाथ भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के अंदर भक्तों की लाइन देर शाम तक लगी रही। मंदिर प्रबंधन को अनुमान है कि 50हजार की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे है नए साल का स्वागत करने की इस बेला में दर्शनों का भी सिलसिला दिन भर लगातार जारी हैं। लोग अपने परिवार के साथ बांदकपुर आकर मंदिरों के दर्शनों का लाभ लिया वहीं श्रद्धालुओं ने श्री जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन और आशीर्वाद लिया और नए साल को मंगलमय सुखमय बनाने की कामना के साथ श्रद्धालुओं भगवान के दर्शन कर प्रार्थना की है।



## 'कुंडलपुर की धूल सर लगाने आया हूं, अपने बड़े बाबा को मनाने आया हूं'







**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित भजन संध्या में जबलपुर संस्कारधानी से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक नंदकुमार जैन ने अपनी गायकी का जादू बखेरते हुए भजन शुरू किया 'कुंडलपुर की धूल कर लगाने आया हूं अपने बड़े बाबा को मनाने आया हूं' इस गीत पर दर्शकों की खूब बाह-वाही लूटी। गायिका शुभांगी जैन ने णमोकार मंत्र यह प्यारा जिसने लाखों को तारा भजन की प्रस्तुति से भजन संध्या का शुभारंभ किया। मन्नू भैया ने महिला की आवाज में महावीर स्वामी तुम्हारा सहारा गीत गायन से दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। राजकुमार जैन शिक्षक ने बांसुरी की सुमधुर तान छेड़ी। प्रीति जैन गायिका के बड़े बाबा के दर पर कुंडलपुर जाएंगे गायन पर दर्शक झूम उठे। अशोक गंगवाल जयपुर ने बिगड़ी बना दो मेरा दुखड़ा मिटा दो गीत की शानदार प्रस्तुति की। भजन संध्या के शुभारंभ में हटा विधायक उमा देवी खटीक एसडीओ पुलिस नितेश पटेल, थाना प्रभारी आर एस बागरी, चंद्रकुमार सराफ अध्यक्ष कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी एवं कमेटी के अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया। अतिथियों एवं कलाकारों का सम्मान कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा किया गया। रात्रि के ठीक 12 बजते ही पूज्य बड़े बाबा की महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा दीपक लेकर आरती नृत्य किया गया।

इस अवसर पर संचालन पं आशीष जैन ने किया। अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ, अजित कण्डया, महामंत्री आर के जैन, पदम जैन, नेम कुमार सराफ, रमेश गोयल, अजय निरमा, अशोक सराफ, ललित सराफ, यूसी जैन, सानू जैन, मुकेश ठेकेदार, राजेन्द्र भेड़ा, गुड्डू जैन, नरेन्द्र बजाज, केसी जैन, विपुल जैन, अमित त्यागी, विकल्प जैन, परषोत्तम आदि की मौजूदगी रही। विधायक उमादेवी खटीक के साथ आये कार्यकर्ताओं में पमुख रूप से दीपक जैन, हरेंद्र दुबे,बेनीसींग लोधी, लक्ष्मीकांत पटेल, दिनेश जैन सहित हटा के अनेक लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### हजारों श्रद्धालु भक्तों ने किया बड़े बाबा का अभिषेक



**कुंडलपुर / दमोह।** सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में नववर्ष के शुभ आगमन पर प्रातः काल में बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक पूजन किया गया । इस अवसर पर अभिषेक करने वाले श्रद्धालु भक्तों की लंबी कतार देखी गई। प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन, विधान किया गया । इस अवसर पर प्रथम कलश ,रिद्धि कलश ,शांति धारा करने का सौभाग्य रमेशचंद्र विकास मोहित सूरजमल विहार दिल्ली ,शिखर चंद तिलक विपिन विशाल नितिन जयपुर ,रोहित मनोज परिवार नागपुर ,पवन पलक जैन भोपाल, रत्नेश महेंद्र सिंघई जबलपुर ,प्रेमचंद रजनीश राजेश आगरा, प्रदीप संयम जैन मानिकपुर ,शांति निखिल नितिन बेलनगंज आगरा, जयकुमार रिंकू विक्की जबलपुर, हितेन जैन दिलीप बागीदौरा ,वितुल अवि विजय जैन रायपुर ,संजय ओमप्रकाश जैन जयपुर ,अशोक अजय दुर्ग, मयंक राजीव भोपाल, अशोक ज्योति संयम सागर ,रवि ऋषभ चौरई, राकेश पारस मानिकचंद पेंड्रा को सौभाग्य प्राप्त हुआ। ज्ञानचंद लता मुंबई को छत्र चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूर्व मंत्री व दमोह के लोकप्रिय विधायक जयंत मलैया सुबह घने कोहरे में भी कुंडलपुर पहुंचे । कुंडलपुर कमेटी के पदाधिकारियों ने उनकी आगवानी कर स्वागत किया। सभी ने उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।श्री मलैया ने सभी को शुभकामनाएं दी। बड़े बाबा के दर्शन कर आरती की। उपस्थित जनसमूह में से अनेक लोगों व नवयुवकों ने उनका स्वागत कर सेल्फी लेने आतुर दिखे तो श्री मलैया ने सभी को मौका दिया।